**APPLY ONLINE**

# विपणन विभाग

# भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड

## आवश्यकता

**विज्ञापन संख्या:-6/BPNL/2020-21**

निगम द्वारा पूर्व में विज्ञापन संख्या 03/BPNL /2020 - 21 के तहत विभिन्न पदों पर चाहे गये आवेदन के अंतर्गत पद रिक्त रह जाने पर "स्वस्थ पशु सुरक्षित पशुपालक योजना" के तहत निगम के उत्पाद "स्पेशल गोल्ड दूधधारा कैल्शियम" के विक्रय एवं प्रति कैन एक पशुपालक को एक लाख का दुर्घटना बीमा निःशुल्क (एक वर्ष के लिए) प्रदान करने हेतु एवं निगम की अन्य भविष्य की योजनाओं को संचालित करने हेतु निम्न पदों पर सक्षम उम्मीदवारों से पुनः ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित है ; आवेदक विज्ञापित एक से अधिक सेवाओं के लिए अलग अलग आवेदन प्रस्तुत करे | रिक्त पदों की संख्या में कमी या वृद्धि की जा सकती है |

| क्रम संख्या | पदनाम | पद संख्या | आयु सीमा (वर्ष में ) | आवेदन शुल्क☆ | मासिक वेतन ☆ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विक्रय प्रबंधक | 64 | 25-45 | 826 | 21000 |
| 2. | विक्रय विकास अधिकारी | 485 | 21-40 | 708 | 18000 |
| 3. | विक्रय सहायक | 2667 | 21-40 | 590 | 15000 |

☆ भारत सरकार के नियमानुसार आवेदन शुल्क में 18% GST शामिल है |

☆ लक्ष्य की प्राप्ति नहीं होने पर मासिक वेतन का नियमानुसार आनुपातिक भुगतान किया जायेगा।

**विशेष :-**ऑनलाइन आवेदन पत्र में समस्त वांछित सूचना अंकित करें | आवेदन भरने से पूर्व विज्ञप्ति को ध्यानपूर्वक पढ़ लें | कोई सुचना गलत या अपूर्ण भरने पर आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

### 1. पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता :-

**1. विक्रय प्रबंधक:-**

1) भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक

2) विपणन क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी |

**2. विक्रय विकास अधिकारी:-**

1) भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 12वीं उत्तीर्ण

2) फील्ड कार्य में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में प्राथमिकता दी जायेगी |

**3. विक्रय सहायक:-**

1) भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्था से किसी भी विषय में 10वीं उत्तीर्ण

2) विपणन क्षेत्र में अनुभव रखने वाले आवेदक को चयन में वरीयता दी जायेगी |

**अन्य योग्यताएँ :-**

1) स्वास्थ्य- निगम में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उम्मीदवार अच्छे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का होना चाहिए|

2) चरित्र - निगम में सीधी भर्ती के लिए आवेदक का चरित्र अच्छा / उत्तम होना चाहिए |

विशेष :- उपयुक्त योग्यता रखने वाले उम्मीदवार इस भर्ती के लिये आवेदन कर सकते है, नियुक्ति क्षेत्र राजस्थान अथवा उत्तरप्रदेश राज्य होगा |

**2. श्रेणी अनुसार कार्य दायित्व :-**

**विक्रय प्रबंधक:-**

1. जिला स्तर पर पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु निगम के उत्पाद की लक्ष्यानुसार बिक्री एवं प्रचार-प्रसार करना |
2. जिला स्तर पर निगम के उत्पाद की आपूर्ति के लिए डीलर नियुक्त करना |
3. **लक्ष्य** - विक्रय विकास अधिकारी की सहायता से न्यूनतम **3000 स्पेशल गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन (एक कैन 5 ली.) प्रति माह बिक्री अनिवार्य |
4. निगम द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम "पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता" एक ग्राम पंचायत एक रोजगार का विशेष रूप से प्रचार करना |
5. विक्रय प्रबंधक के अधीन न्यूनतम 5 विक्रय विकास अधिकारी होना आवश्यक है |

**विक्रय विकास अधिकारी:-**

1. तहसील स्तर पर पशुपालन व्यवसाय को बढ़ावा देने हेतु निगम के उत्पाद की लक्ष्यानुसार बिक्री एवं प्रचार-प्रसार करना |
2. तहसील स्तर पर निगम के उत्पाद की आपूर्ति के लिए डीलर नियुक्त करना |
3. निगम की सभी योजनाओं को आमजन में प्रचारित कर उनको इस कार्यक्रम से जोड़ना |
4. **लक्ष्य** - विक्रय सहायक की सहायता से न्यूनतम **600 स्पेशल गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन (एक कैन 5 ली.) प्रति माह बिक्री अनिवार्य |
5. विक्रय विकास अधिकारी के अधीन न्यूनतम 5 विक्रय सहायक होना आवश्यक है |

**विक्रय सहायक:-**

1. उत्पाद बिक्री आदेश प्राप्त करना और उत्पाद किसान और पशुपालक तक पहुँचाना |
2. विक्रय सहायक को चयन के पश्चात् घोषणा पत्र के साथ नियमानुसार उत्पाद प्राप्ति (**स्पेशल गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन ) हेतु 10,000 /- रु. की राशी निगम में जमा देनी होगी |जमा राशि के एवज में उत्पाद भेजा जायेगा |
3. पशुपालक का 1 लाख रु. का निःशुल्क दुर्घटना बीमा जारी करना |
4. **लक्ष्य** - न्यूनतम **120 स्पेशल गोल्ड दूध धारा कैल्शियम** कैन (एक कैन 5 ली.) प्रति माह बिक्री अनिवार्य |

(किसी भी पशुपालक द्वारा निगम के स्पेशल गोल्ड दूध धारा कैल्शियम (एक कैन 5 ली.) की खरीद पर एक वर्ष के लिए 1 लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क जारी करना होगा| )

**3. आवेदन प्रक्रिया :-**

1. आवेदक निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन लिंक (APPLY ONLINE) पर क्लिक कर फॉर्म को पूरा भरे | फॉर्म में दिये गये सभी कॉलम को आवश्यक रूप से भरे |
2. फॉर्म भरने के बाद आवेदन शुल्क का भुगतान दिये गये विकल्पों में से किसी एक के माध्यम से करे |
3. आवेदन सम्बन्धी समस्याओं के लिए हेल्प लाइन नंबर (9351899199) पर सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे तक संपर्क करे |

**4. ऑनलाइन आवेदन कैसे करे :-**

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व विज्ञप्ति डाउनलोड कर भर्ती से सम्बंधित सभी नियम एवं शर्ते ध्यानपूर्वक पढ़ ले |

2. ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व स्कैन की हुई पासपोर्ट साइज फोटो एवं हस्ताक्षर (फोटो छः माह से ज़्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए) तैयार रखें |

3. ऑनलाइन फॉर्म में मांगी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी आवश्यक रूप से भरे |

**नोट :- आवेदक को सलाह दी जाती है कि ई मेल आई डी एवं मोबाइल नंबर स्वयं का भरे |**

**4.** ऑनलाइन भुगतान :- आवेदन शुल्क का भुगतान किसी भी बैंक के डेबिट कार्ड , क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग से किया जा सकता है | आवेदन शुल्क का भुगतान कर आवेदक कॉपी अपने पास सुरक्षित रखें |

5. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क की रसीद का प्रिंट लेकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखें | आवेदन पत्र को निगम के कार्यालय में भिजवाना आवश्यक नहीं है |

**5. चयन प्रक्रिया :-**

(क) आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात् फॉर्म में भरी गयी जानकारी के आधार पर ऑनलाइन बौद्धिक लिखित परीक्षा (Apptitude Test) की सूचना आपकी रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर भेजी जाएगी| ऑनलाइन बौद्धिक लिखित परीक्षा का सिलेबस व परीक्षा की प्रणाली विज्ञापन की अंतिम तिथि से एक माह के बाद आवेदक की रजिस्टर्ड ई मेल पर भेजी जायेगी |

(ख) ऑनलाइन परीक्षा में सफल रहे आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलावा ईमेल के माध्यम से भेजा जायेगा। इसी ईमेल के साथ आवेदक को कार्य के सम्बन्ध में अनुबंध घोषणा पत्र भेजा जायेगा, जिसे आवेदक द्धारा 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटेरी करवाकर डाक के माध्यम से निगम के पते पर भेजना होगा। साक्षात्कार के समय आवेदक को पद के अनुसार मूल शैक्षणिक दस्तावेज , पहचान पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र व इन सभी की स्वहस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करनी होगी |

(ग) बौद्धिक जाँच व साक्षात्कार में सफल रहने वाले आवेदकों को कार्यशैली, रिपोर्टिंग व अन्य आवश्यक जानकारी के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसकी सूचना निगम द्वारा आवेदक की रजिस्टर्ड ईमेल आई डी पर दी जायेगी | यह प्रशिक्षण जयपुर /लखनऊ में होगा जिसके लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा | प्रशिक्षण में होने वाला शेष व्यय निगम द्वारा वहन किया जायेगा |

(घ) अंतिम रूप से चयनित सभी आवेदकों को निगम द्वारा एक लाख रु. का दुर्घटना बीमा निःशुल्क किया जायेगा |

6. स्कैन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करने के दिशा निर्देश:-

1. **फोटो अपलोड करने के दिशा निर्देश**:-

- फोटोग्राफ और हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं होने पर आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है |
- आवेदक को रंगीन नवीन फोटो अपलोड करनी चाहिए, मोबाइल और अन्य स्व रचित फोटो का उपयोग न करें |
- फोटो में आवेदक का चेहरा कम से कम 55 प्रतिशत जगह घेरना चाहिए |
- यदि आप चश्मा पहनते है तो फोटो खिंचवाते समय चश्मा पहन सकते है, लेकिन चश्मे पर चमक (फ़्लैश) नहीं होनी चाहिए|
- आवेदक की फोटो में काला या धुप का चश्मा नहीं होना चाहिए |
- फोटो जेपीईजी(JPEG) प्रारूप में होनी चाहिए |
- फोटो फाइल का आकार 50 Kb. से 100 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवदेन पत्र पर लगी हुई फोटो आवेदक से मेल खानी चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है|

**2. हस्ताक्षर अपलोड करने के निर्देश:-**

- हस्ताक्षर केवल आवेदक द्वारा किया जाना चाहिए, अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा हस्ताक्षर मान्य नहीं होगा |
- केवल जेपीईजी(JPEG) प्रारूप को स्वीकार किया जाएगा |
- फोटो फाइल का आकार 20 Kb. से 50 Kb. तक होना चाहिए |
- प्रवेश के समय आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड हस्ताक्षर से मेल खाने चाहिए, अन्यथा आवेदक अयोग्य ठहराया जा सकता है|

**7. सामान्य जानकारी :-**

1. भारतीय पशुपालन निगम लिमिटेड एक निजी क्षेत्र की कंपनी है जिसकी स्थापना सन 2009 में की गयी थी |

2. निगम के बारे में अधिक जानकारी के लिये निगम की आधिकारिक वेबसाइट https://www.bharatiyapashupalan.com पर जाये, अथवा निगम के आधिकारिक सोशल मीडिया चैनल व यूट्यूब चैनल को सब्सक्राइब करें | अन्य किसी माध्यम से प्राप्त की गयी जानकारी के लिये भारतीय पशुपालन निगम जिम्मेदार नहीं होगा | निगम हेल्पलाइन न. 0141- 2202271, 9351899199 (सोमवार से शनिवार , सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक )

3. प्रत्येक पद हेतु आवेदन अलग - अलग करने होंगे |

4. आवेदन शुल्क की राशि अप्रतिदेय है अर्थात वापसी देय नहीं है |

5. किसी भी पद के लिए किये गए आवेदन को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है | इस हेतु आवेदनकर्ता का कोई भी आपत्ति मान्य नहीं है |

6. निगम द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन ही स्वीकार किये जायेंगे | अपूर्ण रहे आवेदनों को निगम द्वारा अस्वीकार कर सुचना ई - मेल आई डी अथवा डाक से भेजी जाएगी | एवं आवेदन निरस्त कर अन्य अवसर नहीं दिया जायेगा | आवेदन पत्र में ई - मेल आई डी ( स्वयं की ) लिखना अनिवार्य है | आवेदक द्वारा गलत ई - मेल आई डी लिखना अथवा निगम द्वारा भेजी गई ई - मेल को नहीं पढ़ने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी | एवं इस सम्बन्ध में निगम द्वारा कोई भी वाद- विवाद स्वीकार नहीं किया जायेगा |

7. उपरोक्त भर्ती से सम्बंधित सभी सूचनायें निगम द्वारा डाक अथवा ई - मेल आई डी के माध्यम से आवेदक को दी जायेगी | अतः आवेदक आपकी डाक का पता एवं ई - मेल आई डी (स्वयं की) पूर्ण एवं सही लिखे | गलत पता एवं गलत ई - मेल आई डी लिखने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी |

***APPLY ONLINE***